व्यक्तिगत अधिगम का आकलन

कई गतिविधियों, जैसे— परीक्षा (लिखित/मौखिक), रचनात्मक लेखन (निबंध, कहानी, कविता लेखन), चित्र पढ़ना, प्रयोग, व्यक्तिगत परियोजनाएँ, चित्रकारी और शिल्पकार्य आदि को व्यक्तिगत आकलन की आवश्यकता होती है। हालाँकि रा.शै.अ.प्र.प. की पाठ्यपुस्तकों में ऐसे कई अवसर शामिल हैं, फिर भी एक पारंपरिक कक्षा/विद्यालय/केंद्र द्वारा लिखित परीक्षा (प्रश्न-उत्तर के साथ) या परीक्षा, शिक्षकों और अन्य हितधारकों के लिए सबसे आम पसंद बनी हुई है। आकलन के इस माध्यम से जुड़ी सीमाओं के बावजूद, हम अकसर विभिन्न हितधारकों, विशेषकर शिक्षकों से इसके अत्यधिक उपयोग पर रोक-टोक को लेकर एक प्रतिरोध पाते हैं। पिछले कई दशकों से यह एक प्रथा के रूप में सुविधाजनक और पारंपरिक दृष्टिकोण के साथ आकलन और रिपोर्टिंग में सबसे अनुकूल विकल्प बना हुआ है। यह माना जा सकता है कि लिखित परीक्षा बहुत उपयोगी आकलन उपकरण है। शिक्षकों या किसी भी अन्य हितधारकों द्वारा विद्यार्थी के सीखने की सार्थक जानकारी प्राप्त करने के लिए लिखित परीक्षा को तर्कसंगत विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता है।

आओ विचार करें

- क्या पारंपरिक लिखित टेस्ट या परीक्षाएँ सभी सीखने के प्रतिफलों के व्यापक आकलन के लिए उपयोग किए जा सकते हैं?

- बच्चे के व्यक्तित्व के फेरबदल, सामाजिक और भावनात्मक पहलुओं (कौशल और निपटान) का आकलन कैसे कर सकते हैं?

- सीखने और विकास के विभिन्न आयामों (संज्ञानात्मक, भावनात्मक, और मनो-गत्यात्मक) का समावेशन करने वाले समग्र आकलन को पूरा करने के लिए आकलन के कुछ तरीकों का चयन करें और उदाहरणों का उपयोग करते हुए विस्तृत करें।
  - यह समझना आसान होगा अगर पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तक में दिए गए अभ्यासों को देखें।

- सूखे पत्तों का उपयोग करके अपनी कॉपी में विभिन्न जानवरों के चित्र बनाएँ।

- पत्तियों और पेड़ की टहनियों को रगड़ें। ये वही हैं या अलग हैं? इनमें से किसने अच्छे छाप दिए? किसकी रगड़ लेना मुश्किल था? और क्यों?

- अपने आसपास की चीज़ों को ध्यान से देखें। इनमें से किसमें पत्तियों और फूलों के स्वरूप हैं?
- कुछ पौधों के नाम बताइए जिन्हें आपने देखा है। कुछ नाम बताइए जो आपने सुने हैं, लेकिन कभी देखे नहीं हैं।
- अपने विद्यालय या घर के पास एक पेड़ चुनें और उससे दोस्ती करें। क्या आप अपने मित्र को एक विशेष नाम देना चाहेंगे? अपने वृक्ष मित्र के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें और इसे दूसरों के साथ साझा करें।
- कुछ वयस्कों से पूछें कि क्या ऐसे पौधे हैं, जो उन्होंने बचपन में देखे थे, लेकिन अब नहीं दिखते हैं।
- उन 10 गतिविधियों को लिखिए जिनके लिए पानी की आवश्यकता होती है। कम पानी से अधिक पानी की आवश्यकता के क्रम में उन्हें व्यवस्थित करें।
- उन नदियों के नाम लिखिए जिन्हें आपने देखा या सुना है। क्या आपके गाँव या शहर में कोई नदी बहती है? उसका नाम लिखें।
- घर पर आपको पीने का पानी कहाँ से मिलता है? कौन इसे लाता है या संग्रहित करता है? यह कैसे संग्रहित किया जाता है? इसे क्यों संग्रहित करते हैं?

- ऊपर दी गई तस्वीरों को देखें। दोनों परिवारों में लोग किस तरह के काम कर रहे हैं?
- क्या आपका परिवार इनमें से किसी एक परिवार की तरह है? यदि हाँ, तो किस परिवार की तरह? आपका परिवार उनके जैसा कैसे है?
- यह काम आपके घर और आपके दोस्त के घर में कौन करता है?

काम	यह काम कौन करता है	
	आपके घर में	आपके दोस्त के घर में
भोजन पकाना बर्तन साफ़ करना		
झाड़ू मारना बाज़ार से चीज़ें खरीदना पानी भरना		

क्या आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कोई खेल खेलते हैं वे कौन-से खेल है और उन्हें किसके साथ खेलते हैं?

जब आप बीमार हो जाते हैं, तो क्या आप किसी पौधे पर आधारित दवा लेते हैं? आप क्या लेते हैं जब आपको—

चोट लगती है ----------

पेन्ट दर्द होता है ----------

खाँसी या जुकाम होता है ----------

दाँत में दर्द होता है ----------

आओ विचार करें

- इनमें से लिखित टेस्ट आधारित आकलन में किसका उपयोग किया जा सकता है?
- मौखिक आकलन के लिए किन का उपयोग किया जा सकता है?
- विद्यालय आधारित आकलन या केंद्रीय परीक्षा या दोनों के लिए किन माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है?
- क्या कोई ऐसे अभ्यास हैं, जिनका आकलन लिखित या मौखिक परीक्षणों के माध्यम से नहीं किया जा सकता है? यदि हाँ, तो आकलन की अन्य किन रणनीतियों को नियोजित किया जा सकता है और क्यों?
- आप सीखने के प्रतिफल के बारे में क्या सोचते हैं; 'स्थानीय सामग्री से रूपरेखा, रूपांकन, मॉडल बनाएँ' और 'पौधों, जानवरों, बुजुर्गों और निःशक्त व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाएँ'?

- त्रैमासिक या अवधि-अंत लिखित परीक्षा या परीक्षा-पत्र के लिए इन सीखने के प्रतिफलों के लिए कुछ प्रश्न रेखांकित करें।

जब कक्षा की सीख विद्यार्थियों के वास्तविक जीवन से संबंधित होती है तो वे बेहतर तरीके से समझते हैं और पाठ्यपुस्तकों में दिए गए ज्ञान से विरत महसूस नहीं करते हैं। पाठ्यक्रम में शामिल अवधारणाओं और मुद्दों पर स्वयं के अनुभवों को प्रस्तुत करने के अवसर उनके सीखने को और गहरा बनाते हैं क्योंकि यह अवधारणाओं, विषयों और सीखने के चरणों में संबंध स्थापित करने की सहायता प्रदान करता है। रा.शै.अ.प्र.प. की पाठ्यपुस्तकों में ऐसे अभ्यास शामिल होते हैं जिनके प्रश्न, पाठ्यपुस्तक की जानकारी को पुन: प्रस्तुत करने के बजाय, बच्चों के स्वयं के अनुभवों पर उत्तर देने पर आधारित होते हैं। इस तरह के सवाल कई प्रतिक्रियाओं की अनुमति देते हैं, क्योंकि कोई भी प्रतिक्रिया सही नहीं है। इसलिए, इन्हें प्रभावी रूप से एस.बी.ए. के तहत उपयोग किया जा सकता है, जबकि पहले से निश्चित उत्तरों के साथ बड़े पैमाने पर एक समान रूप से प्रशासित केंद्रीकृत आकलन प्रणाली के उद्देश्य से उपयुक्त नहीं हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक मामले में पहले विकल्प का उत्तर बच्चे के स्वयं के अनुभव पर आधारित होगा, जबकि दूसरे विकल्प में बच्चा रट कर याद किए गए उत्तर दे सकता है।

क. 1— उन वाहनों के नाम बताएँ, जिनमें आपने यात्रा की है।

क. 2— प्रत्येक दो, तीन और चार पहियों वाले कम-से-कम तीन वाहनों के नाम बताएँ।

ख. 1— एक पेड़ के नीचे कुछ समय बिताएँ। उन जानवरों के नाम बताएँ जिन्हें देखा जा सकता है—

शाखाओं पर	---------	---------	--------
पत्तियों पर	---------	---------	--------
तने पर	---------	---------	--------
ज़मीन पर	---------	---------	--------
पेड़ के आस-पास	---------	---------	--------

ख.2— उन जानवरों को सूचीबद्ध करें जो एक पेड़ पर रहते हैं। उनके नाम बताएँ।

ग.1— किन्हीं भी चार गतिविधियों के नाम बताएँ जो आप पानी के साथ और पानी के बिना नहीं कर सकते।

--------	---------	--------	--------
--------	---------	--------	--------

ग.2— कुछ गतिविधियों को सूचीबद्ध करें, जिसमें पानी का उपयोग किया जाता है।

आओ विचार करें

- निम्नलिखित प्रश्नों से आप क्या समझते हैं?

  क. जब आपको भूख लगती है तो आप कैसा महसूस करते हैं? आप इसका वर्णन कैसे करेंगे? अगर आप दो दिन तक कुछ नहीं खाते हैं तो क्या होगा?

  ख. क्या आप कभी रास्ता भटके हैं? फिर आपने क्या किया? अपने अनुभव को अपने शब्दों में लिखें।

  ग. कल्पना करें कि आप एक पहाड़ पर हैं। आप वहाँ कैसा महसूस करते हैं? आप क्या देख सकते हैं? आपका वहाँ क्या करने का मन करता है?

- पर्यावरण अध्ययन, गणित और सामाजिक विज्ञान में विभिन्न विषयों और अवधारणाओं के लिए कुछ और प्रश्न रेखांकित करें।

पाठ्यपुस्तक शिक्षकों के हाथों में एक बहुत ही उपयोगी साधन है, लेकिन क्षेत्रीय, सांस्कृतिक, भौगोलिक विविधता को ध्यान में रखते हुए इसे विद्यार्थियों की ज़रूरतों और संदर्भों के अनुसार संदर्भ में लाने की आवश्यकता है। इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि शिक्षक पाठ्यपुस्तकों में दिए गए प्रश्नों का उपयोग करने के बजाय अपनी कक्षा के बच्चों के संदर्भों के अनुसार प्रश्नों/गतिविधियों को विकसित करें।

उदाहरण के लिए, पाठ्यपुस्तक में निम्नलिखित प्रश्न हैं (1.क और 1.ख) जिसे विभिन्न शिक्षकों ने 2.क और 2.ख के रूप में अनुकूलित किया है।

प्रश्न 1.क— पके और कच्चे आम से आपके घर में कौन-सी चीज़ें बनाई जाती हैं?

प्रश्न 1.ख— पके या बिना पके केले/नारियल से आपके घर में क्या चीज़ें बनती हैं?

प्रश्न 2.क— ये चीज़ें आपके घर म?हैं ीताज ईनब सेकैं

– पापड़ – बड़ियाँ – चिक्की

प्रश्न 2.ख— ये चीज़ें आपके घर में कैसे बनाई जाती हैं?

– खाकरा – थेपला – ढोकला

राज्य, ज़िला या ब्लॉक स्तर पर एक प्रश्न-पत्र (बैंक) विकसित किया गया है और एक केंद्रीकृत आकलन इस उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर सकता, क्योंकि यह बच्चों को उनके संदर्भ से संबंधित होने से रोक सकता है और उनके स्वयं के अनुभवों के संदर्भ में विचारों और अभिव्यक्तियों में भी बाधा डाल सकता है।